01.07.25

# Delhi Public School, Howrah

**PERIODIC TEST-I (2025-2026)**

**CLASS- XII**

*Care must be taken not to write anything on the question paper. All the questions must be attempted in the correct sequence.*

**विषय : हिंदी - सं. (302)**

**अवधिः 3 घंटे** **पूर्णांक = 80**

**सामान्य निर्देश -**

(1) इस प्रश्न पत्र में तीन खंड है- खंड क, ख और ग ।

(2) खंड- (क) में अपठित बोध पर आधारित प्रश्न पूछे जाएँगे। सभी प्रश्नों के उत्तर देने होंगे ।

(3) खंड- (ख) में अभिव्यक्ति और माध्यम पाठ्यपुस्तक के आधार पर प्रश्न पूछे जाएँगे। प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए जाएँगे।

(4) खंड- (ग) में आरोह भाग -1 एंव वितान भाग -1 पाठ्यपुस्तकों के आधार पर प्रश्न पूछे जाएँगे। प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए जाएँगे।

**खंड- 'क' अपठित बोध** 18 अंक

**1. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** 10

लोकतंत्र के मूलभूत तत्व को समझा नहीं गया है और इसलिए लोग समझते हैं कि सब कुछ सरकार कर देगी, हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं है। लोगों में अपनी पहल से ज़िम्मेदारी उठाने और निभाने का संस्कार विकसित नहीं हो पाया है। फलस्वरूप देश की विशाल मानव-शक्ति अभी खर्राटे लेती पड़ी है और देश की पूँजी उपयोगी बनने के बदले आज बोझ का रूप ले बैठी है। लेकिन उसे नींद से झकझोर कर जागृत करना है। किसी भी देश को उसमें रहने वाले लोग महान बनाते हैं। लेकिन अभी हमारे देश के नागरिक अपनी जिम्मेदारी से बचते रहे हैं। चाहे सड़क पर चलने की बात हो अथवा साफ़-सफ़ाई की बातें हों, जहाँ-तहाँ हम लोगों को गंदगी फैलाते और बेतरतीब ढंग से वाहन चलाते देख सकते हैं। फिर चाहते हैं कि सब कुछ सरकार ठीक कर दे। सरकार ने बहुत सारे कार्य किए हैं, इसे अस्वीकार नहीं किया जा सकता है। वैज्ञानिक प्रयोगशालाएँ खोलना, विशाल बाँध बनवाना, फौलाद के कारखाने खोलना आदि-आदि बहुत सारे काम सरकार के द्वारा हुए हैं। पर अभी करोड़ों लोगों को कार्य में प्रेरित नहीं किया जा सका है। वास्तव में होना तो यह चाहिए कि लोग अपनी सूझ-बूझ के साथ अपनी आंतरिक शक्ति के बल पर खड़े हों और अपने पास जो कुछ साधन-सामग्री हो, उसे लेकर कुछ करना शुरू कर दें और फिर सरकार उसमें आवश्यक मदद करे। उदाहरण के लिए, गाँव वाले बड़ी-बड़ी पंचवर्षीय योजनाएँ नहीं समझ सकेंगे, पर वे लोग यह बात ज़रूर समझ सकेंगे कि अपने गाँव में कहाँ कुआँ चाहिए, कहाँ सिंचाई की ज़रूरत है, कहाँ पुल की आवश्यकता है। बाहर के लोग इन सब बातों से अनभिज्ञ होते हैं।

**सोपान I. बहुविकल्पीय प्रश्न** 1X3=3

I. लोकतंत्र अपेक्षा करता है-

कथन पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए-

कथन

(i) लोग अपनी जिम्मेदारी को समझें और उसका निर्वाह करें।

(ii) देश की पूँजी को उपयोगी बनाए जाने हेतु मिल-जुल कर कार्य करें।

(iii) समस्त कार्य सरकार द्वारा ही किए जाएँ।

(iv) लोगों की किसी कार्य में कोई जिम्मेदारी न हो।

विकल्प

(क) कथन (i) और (ii) सही हैं।

(ख) कथन (i), (ii) और (iii) सही हैं।

(ग) कथन (i), (ii) और (iv) सही हैं।

(घ) केवल कथन (i) सही है।

II. किसी देश की महानता निर्भर करती है-

(क) वहाँ की सरकार पर

(ख) वहाँ के निवासियों पर

(ग) वहाँ के इतिहास पर

(घ) वहाँ की पूँजी पर

III. सरकार के कामों के बारे में कौन-सा कथन सही नहीं है?

(क) वैज्ञानिक प्रयोगशालाएँ खोलना

(ख) विशाल बाँध बनवाना

(ग) वाहन चालकों को सुधारना

(ग) फौलाद के कारखाने खोलना

**सोपान II. अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न** 1X1=1

IV. लोकतंत्र का मूलभूत तत्व क्या है?

**सोपान III. लघुत्तरात्मक प्रश्न** 2X3=6

V. वास्तव में लोगों से क्या अपेक्षित होना चाहिए?

VI. गाँव वाले क्या नहीं समझ सकते और क्या समझ सकते हैं?

VII. लोगों में क्या विकसित नहीं हो पाया है?

**2. निम्नलिखित काव्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** 8

जागो ! सखि, वसंत आ गया।
पीपल की सूखी खाल स्निग्ध हो चली
सिरिस ने रेशम से वेणी बाँध ली
नीम के भी बौर में मिठास देख
हँस उठी कचनार की कली
टेसुओं की आरती सजा के
बन गई वधू वनस्थली
स्नेह भरे बादलों से व्योम छा गया।
जागो! जागो! सखि, वसंत आ गया।

चेत उठी ढीली देह में लहू की धार,
बेध गई मानस को दूर की पुकार,
गूँज उठा दिग्दिगंत, चीन्ह के दुरंत स्वर बार-बार
उपवन में गूंज उठी फूलों की पुकार,
सुनो सखि ! सुनो बंधु, वसंत आ गया।
आज मधुदूत निज गीत गा गया
जागो सखि ! वसंत आ गया।

**सोपान I. बहुविकल्पीय प्रश्न-** 1X3=3

I. कविता में "स्निग्ध" शब्द का अर्थ है -

(क) रूखा (ख) गहरा

(ग) कोमल और चमकदार (घ) सर्द

II. दिशाएँ किस प्रकार गूंज उठीं?

(क) दुरंत स्वर पहचानकर (ख) बादलों को देखकर

(ग) दूर की पुकार सुनकर (घ) ढीली देह में लहू का प्रवाह देखकर

III. वसंत आने पर प्रकृति में क्या परिवर्तन दिखाई देते हैं?

(क) पीपल की सूखी खाल स्निग्ध हो जाती है (ख) नीम की पत्तियाँ पक जाती हैं

(ग) पीपल सूख जाता है (घ) उपवन फूलों से रहित हो जाता है

**सोपान II. अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न** 1X1=1

IV. कचनार की कली क्यों हँस पड़ी ?

**सोपान III. लघूत्तरात्मक प्रश्न-** 2X2=4

V. वसंत ऋतु के आगमन का पीपल, नीम, शिरीष तथा कचनार इत्यादि वृक्षों पर क्या प्रभाव पड़ा?

VI. वसंत का आगमन किस प्रकार शिथिल शरीर में भी अद्भुत उमंग का संचार करता है? काव्यांश के आधार पर लिखिए।

## खंड- 'ख' अभिव्यक्ति और माध्यम पुस्तक पर आधारित प्रश्न 22अंक

**3. निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में एक रचनात्मक लिखिए-** 6

(क) समस्याओं से घिरता हमारा समाज

(ख) राष्ट्र-निर्माण में युवा वर्ग का योगदान

(ग) मेरा प्रिय लेखक

**4. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में दीजिए-** 2X4=8

(I) अंशकालिक पत्रकार किसे कहते हैं?

(ii) 'डेड लाइन' से क्या आशय है?

(iii) पत्रकारीय लेखन से आप क्या समझते हैं?

(iv) मुद्रित माध्यमों के लिए लिखते समय किन बातों का ध्यान रखना आवश्यक है?

(v) जनसंचार का कौन-सा आधुनिक माध्यम सबसे पुराना है? इसकी शुरुआत कैसे हुई?

**5. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 80 शब्दों में दीजिए-**

**4X2=8**

(I) इंटरनेट पत्रकारिता से आप क्या समझते हैं? भारत में इंटरनेट पत्रकारिता की क्या स्थिति है?

(ii) रेडियो के सन्दर्भ में श्रव्य माध्यमों की दो सीमाएँ बताएँ? किसी एक सीमा से पार पाने का उपाय भी बताएँ।

(iii) संपादकीय लेख कौन लिखता है? समाचार-पत्र-पत्रिकाओं में इसका क्या महत्त्व है? इस लेखन के साथ किसी का नाम क्यों नहीं लिखा जाता?

---

**खंड- 'ग'आरोह भाग -1 एंव वितान भाग -1 पाठ्यपुस्तकों के आधार पर** **40 अंक**

---

**7. निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए-**

**1X5=5**

कविता एक उड़ान है चिड़िया के बहाने
कविता की उड़ान भला चिड़िया क्या जाने
बाहर भीतर
इस घर, उस घर
कविता के पंख लगा उड़ने के माने
चिड़िया क्या जाने?

I. कवि ने कविता के विषय में क्या बताया?

(क) एक उत्सव है
(ख) एक मंजिल है
(ग) एक यात्रा है
(घ) एक पंछी है

II. कविता और चिड़िया में समानता है :

(क) उड़ान की
(ख) पंखों की
(ग) गति की
(घ) विचारों की

III. निम्नलिखित कथनों पर विचार करते हुए पद्यांश के अनुसार सही कथन का चयन कर लिखिए :

(क) चिड़िया और कविता दोनों की उड़ान व्यापक है।
(ख) चिड़िया की उड़ान एक सीमा तक है परन्तु कविता की उड़ान असीम है।
(ग) कविता की उड़ान चिड़िया की उड़ान पर निर्भर करती है।
(घ) चिड़िया दूर तक उड़ सकती है जबकि कविता केवल किताब के पन्नों तक।

iv. 'कविता के पंख लगा उड़ने के माने' में 'कविता के पंख' से तात्पर्य है :

(क) विशद व्याख्या
(ख) शब्द-अर्थ की विसंगति
(ग) संश्लेषण-विश्लेषण
(घ) कल्पनाशीलता

v. कविता की उड़ान को कौन नहीं समझ सकता?

(क) पाठक

(ख) चिड़िया

(ग) कवि

(घ) समीक्षक

**8. काव्य खंड के आधार पर निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं <u>दो</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए-** **3X2=6**

(क) "जन्म से ही वे अपने साथ लाते हैं कपास" - कपास के बारे में सोचें कि कपास से बच्चों का क्या संबंध बन सकता है?

(ख) 'शीतल वाणी में आग' के होने का क्या अभिप्राय है?

(ग) 'भाषा को सहूलियत से बरतने' से क्या अभिप्राय है? 'बात सीधी थी पर' कविता के आधार पर बताइए।

**9. काव्य खंड के आधार पर निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं <u>दो</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखिए-** **2X2=4**

(क) 'आत्मपरिचय' कविता में कवि ने अपने जीवन में किन परस्पर विरोधी बातों का सामंजस्य बैठाने की बात की है?

(ख) 'पतंग' कविता में कवि ने बच्चों की तुलना किससे की है और क्यों? उदाहरण सहित समझाइए।

(ग) 'दिन जल्दी-जल्दी ढलता है' - कविता के आधार पर बताइए कि चिड़ियों के परों में चंचलता आने के क्या कारण हो सकते हैं?

**10. निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए-** **1X5=5**

बाज़ार में एक जादू है। वह जादू आँख की राह काम करता है। वह रूप का जादू है पर जैसे चुंबक का जादू लोहे पर ही चलता है, वैसे ही इस जादू की भी मर्यादा है। जेब भरी हो, और मन खाली हो, ऐसी हालत में जादू का असर खूब होता है। जेब खाली पर मन भरा न हो, तो भी जादू चल जाएगा। मन खाली है तो बाज़ार की अनेकानेक चीजों का निमंत्रण उस तक पहुँच जाएगा। कहीं हुई, उस वक्त जेब भरी तब तो फिर वह मन किसकी मानने वाला है। मालूम होता है यह भी लूँ, वह भी लूँ। सभी सामान जरूरी और आराम को बढ़ाने वाला मालूम होता है। पर यह सब जादू का असर है।

I. बाज़ार को जादू क्यों कहा गया है?

(क) आपूर्ति करने के कारण

(ख) भ्रम पैदा करने के कारण

(ग) बाज़ार की महिमा के कारण

(घ) जरूरत पैदा करने के कारण

II.. 'जादू की मर्यादा' से आप क्या समझते हैं?

(क) प्रभाव की सीमा

(ख) जादू का असर

(ग) रूप के समान

(घ) निश्चित प्रभाव

III. बाज़ार का असर कब अधिक होता है?

(क) जेब और मन खाली होने पर

(ख) जेब और मन भरे होने पर

(ग) जेब भरी और मन खाली होने पर

(घ) जेब खाली और मन भरे होने पर

iv.मन खाली और जेब भरी होने पर बाज़ार का प्रभाव कैसा होता है?

(क) सहयोगी (ख) उपहासक

(ग) मर्यादित (घ) विनाशक

v.बाज़ार का सभी सामान उपयोगी लगने के क्या कारण हो सकते हैं?

(क) जादू का असर (ख) सामान की कमी

(ग) सब कुछ खरीदने की इच्छा (घ) संतुलित मन के कारण

**11. गद्य खंड के आधार पर निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं <u>दो</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए- 3X2=6**

(क) दो कन्याओं को जन्म देने के बाद भी भक्तिन पुत्र की इच्छा में अंधी अपनी जिठानियों की घृणा एवं उपेक्षा की पात्र बनी रही। इस प्रकार के उदाहरण भारतीय समाज में अभी भी देखने को मिलते हैं। इसका कारण और समाधान प्रस्तुत कीजिए।

(ख) बाज़ारूपन से क्या तात्पर्य है? किस प्रकार के व्यक्ति बाज़ार को सार्थकता प्रदान करते हैं अथवा बाज़ार की सार्थकता किसमें है?

(ग) "भक्तिन अच्छी है पर उसमें दुर्गुणों का अभाव नहीं।" इस कथन के समर्थन में तीन तर्क दीजिए।

**12. गद्य खंड के आधार पर निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं <u>दो</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखिए- 2X2=4**

(क) बाज़ार किसी का लिंग, जाति, धर्म या क्षेत्र नहीं देखता; वह देखता है सिर्फ उसकी क्रय-शक्ति को। इस रूप में वह एक प्रकार से सामाजिक समता की भी रचना कर रहा है। आप इससे कहाँ तक सहमत हैं?

(ख) भक्तिन की बेटी पर पंचायत द्वारा जबरन पति थोपा जाना एक दुर्घटना भर नहीं, बल्कि विवाह के संदर्भ में स्त्री के मानवाधिकार (विवाह करें या न करें अथवा किससे करें, इसकी स्वतंत्रता) को कुचलते रहने की सदियों से चली आ रही सामाजिक परंपरा का प्रतीक है। कैसे?

(ग) बाज़ार का जादू क्या है? उसके चढ़ने-उतरने का उपभोक्ता पर क्या प्रभाव पड़ता है?

**13. वितान के पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं <u>दो</u> के उत्तर लगभग 100 शब्दों में लिखिए- 5X2=10**

(क) किशन दा और यशोधर बाबू के संबंधों पर टिप्पणी करते हुए पुष्टि कीजिए कि किशनदा के प्रभाव से वे आजीवन मुक्त क्यों नहीं हो पाए?

(ख) यशोधर बाबू की पत्नी समय के साथ ढल सकने में सफल होती है लेकिन यशोधर बाबू असफल रहते हैं। ऐसा क्यों?

(ग) भूषण के द्वारा ऊनी ड्रेसिंग गाउन देने पर यशोधर पन्त के मन में उत्साह का अभाव किन जीवन मूल्यों की उपेक्षा के कारण दिखाई देता है? बुज़ुर्ग पीढ़ी हमसे क्या अपेक्षा करती है?

--------------------X----------------------